## महत्वपूर्ण एवं खास

### छात्रावास में भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु 29 अप्रैल तक निविदा आमंत्रित

**रायगढ़।** क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र रायगढ़ के छात्रावास में भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था करने हेतु फर्म/केटरर्स/समिति/स्व-सहायता समूह से वर्ष 2022-2023 एवं 2023-2024 के लिए 29 अप्रैल 2022 शाम 5 बजे तक मोहर बंद निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा 29 अप्रैल को ही शाम 4 बजे खोली जाएगी। निविदा विक्रय की अंतिम तिथि 28 अप्रैल शाम 5 बजे तक निर्धारित है। निविदा प्रपत्र उप संचालक क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण, केन्द्र रायगढ़ में 500 रुपये का डीडी प्राचार्य सचिव प्रशिक्षण केन्द्र रायगढ़ के नाम से जमा कर सकते है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी/नियम शर्ते कार्यालय के सूचना पटल तथा जिले के वेबसाइट www.raigarh.gov.nic.in पर अवलोकन कर सकते है।

### परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए प्राधिकार पत्र प्राप्त करने हेतु 27 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किए गए घोषणा अनुसार छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग, द्वारा परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका 2022 जारी किया गया है। रायगढ़ जिले में लर्निंग लाईसेंस बनाने के लिए 24 परिवहन सुविधा केन्द्र को प्राधिकृत करते हुए स्थापित किया जाना है, जिसके लिए जिला परिवहन कार्यालय, रायगढ़ मिनी स्टेडियम के पास रायगढ़ में इच्छुक अर्हताधारी आवेदक 200 विहित शुल्क जमा कर 27 अप्रैल 2022 शाम 5.30 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि व समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु जिले के स्थानीय निवासी को ही प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए नियम एवं शर्ते जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते है।

### भटकी हुई 80 वर्षीय वृद्ध महिला को पूंजीपथरा राइनो सकुशल पहुंचाया घर

**रायगढ़।** दिनांक 20.04.2022 के सुबह पूंजीपथरा राइनो को गुम महिला का इवेंट मिला जिस पर कॉलर से संपर्क कर ईआरवी वाहन में कार्यरत आरक्षक पुष्पराज खुंटे तथा वाहन चालक नारायण निषाद पूंजीपथरा बस स्टैंड के पास पहुंचे। जहां बस से उतरी 80 वर्षीय महिला मिली जो काफी परेशान दिखाई दे रही थी और अपना नाम व घर का पता ठीक से बता नहीं पा रही थी। डायल 112 स्टाफ द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ किए तो बताएं कि तमनार से आ रही बस से महिला नीचे उतरी थी। आरक्षक पुष्पराज खुंटे द्वारा थाने के स्टाफ को वृद्ध महिला का फोटो व्हाट्सएप किए जिस पर थाने के प्रधान आरक्षक अवध बिहारी विश्वकर्मा द्वारा महिला को ग्राम सराईटोला, तमनार की होना बताया और ग्राम सराईटोला के सरपंच से महिला के पूंजीपथरा में मिलने की जानकारी देकर आ रक्षकों को महिला को उसके घर छोड़ आने निर्देशित किए जिसके बाद आरक्षकों द्वारा महिला को डायल 112 वाहन में बिठाकर सराईटोला ले जाकर वृद्ध महिला की समधन गणेशी बाई चौहान के सुपुर्द किए।

### घरघोड़ा में आयोजित आयुष्मान स्वास्थ्य मेला में 1284 लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**रायगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, घरघोड़ा में विधायक लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में आज आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य मेला में कुल 1284 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें लाभान्वित किया गया। जिसमें 125 लोगों का हेल्थ कार्ड एवं 50 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। टेली कंसल्टेशन सेवा के 40 और 8 लोगों ने रक्तदान किया। मोतियाबिंद जांच 125 जिसमें नेत्रदान 10 मोतियाबिंद 45 व 2 व्यक्तियों द्वारा नेत्रदान करने की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। अंगदान 2, योगा सत्र में 45 अधिकारी-कर्मचारी व जनसामान्य ने भाग लिया। वेलनेस सेंटर एक्टिविटी 22, एनसीडी स्क्रीनिंग 867 व्यक्तियों का किया गया।

# छत्तीसगढ़ के गोधन न्याय योजना को मिला राष्ट्रीय एलेट्स इनोवेशन अवार्ड

**❑ मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने प्रदेशवासियों गोधन न्याय मिशन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को दी बधाई और शुभकामनाएं**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना को राष्ट्रीय स्तर पर एलेट्स एनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एलेट्स आत्म निर्भर भारत समिट में छत्तीसगढ़ राज्य को कृषि में इनोवेशन केटेगरी में यह अवार्ड प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय एलेट्स आत्म निर्भर भारत समिट में आज 19 अप्रैल को एलेट्स टेक्नोमीडिया प्राईवेट लिमिटेड के संस्थापक, सीईओ एवं एडीटर इन चीफ डॉ. रवि गुप्ता एवं टेक्सटाइल मंत्रालय भारत सरकार के सचिव यू.पी. सिंह ने संयुक्त रूप से यह अवार्ड प्रदान किया गया। सचिव एवं राज्य नोडल अधिकारी छत्तीसगढ़ की ओर से यह अवार्ड संयुक्त संचालक आर.एल. खरे ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों, कृषि विकास, कृषक कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, गोधन न्याय मिशन के अधिकारियों-कर्मचारियों, गौठान समितियों एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

यह यहां उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना को इससे पूर्व पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड' मिल चुका है। स्कॉच ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना को 20 मार्च 2021 को नई दिल्ली में यह अवार्ड प्रदान किया गया था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर 20 जुलाई 2020 हरेली पर्व से छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना प्रारंभ की गई। इस योजना में पशुपालकों और ग्रामीणों से 2 रूपए प्रति किलो की दर पर गोबर खरीदी की जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों और कृषि विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है, अपितु अवार्डस् के माध्यम से इस योजना को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी मिल रही है।

एलेट्स आत्म निर्भर भारत समिट को सम्बोधित करते हुए गोधन न्याय योजना के संयुक्त संचालक आर.एस. खरे ने कहा कि मात्र 20 माह की अवधि में इस योजना की खूबियों और लाभ ने देश- दुनिया का ध्यान छत्तीसगढ़ की ओर खींचा है। गोधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच और उनकी ही पहल का परिणाम है। मुख्यमंत्री जी, जो स्वयं किसान हैं और बचपन से ही खेती किसानी उनकी रुचि रही है। खेती को समृद्ध और किसानों को खुशहाल कैसे बनाया जाए? यह उनकी सोच रही है। इसी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ राज्य में बीते 3 सालों में खेती-किसानी के क्षेत्र में कई अभिनव प्रयोग और बदलाव हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों और कार्यक्रमों के चलते खेती-किसानी समृद्ध हुई है और किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है।

पशुधन संरक्षण और संवर्धन फसल एवं पर्यावरण की सुरक्षा, छुट्टा पशुओं पर नियंत्रण, गोबर विक्रय से ग्रामीणों एवं पशुपालकों को आय, वर्मी कंपोस्ट और सुपर कंपोस्ट एवं अन्य उत्पाद से महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार एवं आय का जरिया तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन मिला है। वर्मी कंपोस्ट और सुपर कंपोस्ट खाद के उपयोग से खाद्यान्न की गुणवत्ता एवं भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार और खेती की लागत में कमी आ रही है। इस योजना से डेयरी एवं पशुपालन को बढ़ावा मिलने के साथ ही दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होने लगी है।

## ब्रह्मयज्ञ आयोजन स्थान सोडेकेला में पुसौर पुलिस ने लगाया पुलिस जन चौपाल

**❑ आयोजन में पहुंचे ग्रामीणों को थाना प्रभारी पुसौर ने नशा मुक्ति, साइबर क्राईम व घरेलू हिंसा की दी जानकारी**

**रायगढ़।** पुसौर थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सोडेकेला में ग्रामवासियों द्वारा ब्रह्मयज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है। जहां साधु, संत के साथ आसपास गांव के काफी लोगों का जमावड़ा है , जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा ग्राम सोडेकेला ब्रह्मयज्ञ आयोजन के स्थान पर "पुलिस जन चौपाल" का आयोजन किया गया। पुलिस जन चौपाल में थाना प्रभारी पुसौर द्वारा ग्रामीणों को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित लोगों को मोबाइल का प्रयोग करते समय विशेष ध्यान देने कहा गया और फेक कॉल, ईनामी कूपन, रिवार्ड पाइंट जैसे लुभावन ऑफर से सर्तक रहने एवं अंजान व्यक्ति को एटीएम, आधार कार्ड व बैंक खातों की डिटेल का आदान प्रदान नहीं करने कहा गया और कभी किसी धोखाधड़ी की घटना पर तुरंत पुलिस सहायता लेना बताये। थाना प्रभारी द्वारा नवयुवकों को नशे से दूर रखने समाज में जागरूकता लाने महिलाओं का आवश्यक पहल करने कहा गया। उन्होंने महिलाओं को क्षेत्र में अवैध शराब की रोकथाम के लिये पुलिस को सूचना देने कहा गया तथा कार्यक्रम में महिलाओं पर घटित होने वाले अपराधों की जानकारी एवं उनसे बचाव के उपाय बताकर महिला सुरक्षा संबंधी "अभिव्यक्ति ऐप" के संबंध में भी जानकारी दी गई एवं यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने यातायात के नियमों का पालन करने कहा गया है। पुलिस जन चौपाल में उप निरीक्षक गिरधारी साव, आरक्षक टीकाराम बरेठ महिला आरक्षक सविता यादव तथा साधु महात्मा एवं सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## सीनियर सिटीजन सेल ने दी वृद्धजनों को हेल्पलाइन-14567 की जानकारी

**रायगढ़।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने नेशनल एक्शन प्लॉन फॉर सीनियर सिटीजन के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के जीवन-यापन/निर्वहन से संबंधित शिकायतों के लिए टोल फ्री ऐल्डर हेल्पलाइन नंबर 14567 जारी किया है। इस हेल्पलाइन पर वरिष्ठ नागरिक (Senior Citizen) अपनी वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित वृद्धजनों हेतु वृद्धाश्रम संबंधी जानकारी, चिकित्सा, कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीका लगवाना, राशन कार्ड, पुलिस सुरक्षा, वरिष्ठ नागरिकों के सगे पुत्र/पौत्र द्वारा भरण-पोषण संबंधी व्यवस्था कराना, संपत्ति की सुरक्षा एवं सहयोग कराना आदि समस्याओं के संबंध में जानकारी दे सकते हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी जिलों में इस हेल्पलाइन-14567 का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किय गया है जिसके पालन में पुलिस कार्यालय, रायगढ़ में संचालित "सीनियर सिटीजन सेल" एवं एसपी आफिस स्टाफ द्वारा वृद्धाश्रम, धर्मशाला, मंदिर आदि स्थानों पर वृद्धजनों से चर्चा कर उन्हें इस हेल्प लाइन की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में गत दिनों एसपी स्टेनो अशोक देवांगन, एसपी ऑफिस मुख्य लिपिक जे.पी. चेलकर एवं सीनियर सिटीजन सेल के आरक्षक प्रभात प्रधान, सुरेश खुंटे द्वारा कोतरारोड़ राजीव नगर चुना भट्ठा के पास स्थित बजरंगबली मंदिर में वृद्धजनों में केला, संतरा, अंगूर आदि का वितरण कर उन्हें हेल्पलाइन-14567 की जानकारी दिया गया।

## मछली व्यापारी से मारपीट कर लूट, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** चाकामार बाजार में मारपीट करते हुए मछली व्यापारी परदेसी से रुपए व मछली की लूटपाट करने वाले 4 आरोपियों को रजगामार पुलिस टीम ने गिरफतार कर लिया है। आरोपियों में राजवंत मंझवार व्यस्क है वही बाकी अन्य 3 किशोर है। उनके लूटे गए रकम में 6 सौ रुपए बरामद किया गया है। मामले में अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कोरबा रजगामार चौकी क्षेत्र के चाकामार गांव में सोमवार को लगे साप्ताहिक बाजार में कोरकोमा निवासी परदेशी राम सारथी मछली बेचने गया था, जहां देर शाम चाकामार गांव का देव लहरे, आर्यन लहरे, राजवंत मंझवार के साथ बेंदरकोना के युवराज व ईश्वर उसके पास पहुंचे, जो उससे मारपीट करने लगे। वहां परदेशी के सहयोग के लिए मौजूद रिश्तेदारों से भी मारपीट की गई। फिर वे बिक्री रकम 25 सौ रुपए समेत 1-1 किलो वजन के 15 मछली लूटकर ले गए। घटना के बाद परदेशी ने रजगामार चौकी पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले में आरोपी पांचों युवक के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर लिया है। रजगामार चौकी प्रभारी सुरेश कुमार जोगी के मुताबिक मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पतासाजी की जा रही है। लूट के एक अन्य घटना में भी उनके ही शामिल होने का संदेह है।

## जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधिगण मिलजुलकर करे काम: राज्यमंत्री चौबे

**❑ भारत सरकार के राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे की अध्यक्षता में हुई जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधिगण की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**कोरबा।** भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत, जिला प्रशासन के वरिय अधिकारियों और जनप्रतिनिधिगण की मौजूदगी में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। राज्यमंत्री चौबे समीक्षा बैठक के उपरांत जिले के मिडिया कर्मियों से प्रेसवार्ता कार्यक्रम में रूबरू हुए। राज्यमंत्री चौबे ने समीक्षा बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत कोरबा जिले में हुए विभिन्न विकास कार्यो और शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने समीक्षा बैठक के दौरान कृषि, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में जिले की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने राज्यमंत्री के समक्ष जिले में हुए विभिन्न विकास कार्यो की जानकारी को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित मापदण्डो के अनुसार पावरपाइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। राज्यमंत्री चौबे ने कहा कि जिले के विकास के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधिगण समन्वयता के साथ काम करें। जिससे जिले के सभी नागरिकों को सरकार के सभी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलता रहे। उन्होने कहा कि जिले के विकास की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधिगण का भी है। जनता का कल्याण करना ही हम सब का लक्ष्य है। उन्होने कहा कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं से जनता को लाभांन्वित करने के लिए पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर सब मिल जुलकर जनसेवा के क्षेत्र में कार्य करें। समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ननकी राम कंवर, कलेक्टर रानू साहू, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डी.एफ.ओ. कोरबा प्रियंका पाण्डेय, डी.एफ.ओ. कटघोरा प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सी.ई.ओ. नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर ममता यादव सहित जिले के जनप्रतिनिधिगण और अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोरबा जिले के कद्दावर नेताओं को केन्द्रीय मंत्री ने भाजपा में दिलाया प्रवेश

**❑ केदारनाथ अग्रवाल, गोविंदसिंह राजपूत सहित 6 प्रभावशाली राजनीतिज्ञ भाजपा में शामिल हुए**

**कोरबा।** भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने मंगलवार को जिले के कद्दावर नेता केदारनाथ अग्रवाल और गोविंदसिंह राजपूत सहित 6 प्रभावशाली राजनीतिज्ञों को भाजपा में प्रवेश दिलाया।

दो दशक से अधिक समय तक कांग्रेस की राजनीति में धूमकेतु की तरह छाए रहे केदारनाथ अग्रवाल ने 2008 में कांग्रेस छोडक़र भा ज पा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। लम्बे समय तक भाजपा में सेवाएं देने के बाद पिछले विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और जे सी सी जे के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अजित जोगी के आव्हान पर उनसे जुड़ गए थे। तीन वर्ष बाद उनकी घर भा ज पा वापसी हो गई है।

जिले के दूसरे दमदार नेता गोविन्द सिंह राजपूत प्रारम्भ से भाजपा के कार्यकर्ता रहे हैं। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में वे कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी टिकट के प्रबल दावेदार थे। लेकिन उन्हें पार्टी टिकट नहीं मिली। इससे रुष्ट होकर उन्होंने पार्टी से किनाराकशी कर ली थी और बागी होकर चुनाव मैदान में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतर गए थे। उन्हें 27 हजार से अधिक वोट मिले थे और वे भाजपा की हार का कारण बने थे। तभी से वे भाजपा से दूर थे। अब एक दशक से अधिक समय बाद उनकी भाजपा में वापसी हो गई है।

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के कार्यालय में भारत सरकार के मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने गोविंदसिंह राजपूत और केदारनाथ अग्रवाल के साथ जिले के वृहद जनाधार रखने वाले नेताओं डॉ शत्रुघन देवांगन, गोविंद नामदेव, अजय राठौर और रामायण जायसवाल को भी भाजपा का गमछा पहना कर मंगलवार को ही भाजपा में प्रवेश दिलाया है। कोरबा जिले के इन प्रमुख नेताओं के भाजपा में शामिल होने से जिले की राजनीतिक परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन आने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## दीपका माइंस से चोरों ने दूसरे दिन भी बड़ी मात्रा में किया डीजल पार

**कोरबा।** जिले के कोल माइंस से हर रोज हजारों लीटर डीजल की चोरी एक बार फिर से शुरू हो गई है। कुछ दिनों तक बंद रहने के बाद अवैध कारोबार विस्तार कर रहा है। लगातार दूसरे दिन एसईसीएल के दीपका माइंस से चोरों ने बड़ी मात्रा में डीजल पार कर दिया। तीन डोजर को चोरों ने टारगेट किया। इससे पहले कि पकडऩे के लिए सुरक्षा कर्मी मौके पर आते, चोर सामान के साथ भाग चुके थे।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल दीपका क्षेत्र की दीपका माइंस में सोमवार के बाद मंगलवार को फिर से डीजल की चोरी हुई। दो दिन पहले चोरों ने यहां पर दो डोजर को निशाने पर लिया था जबकि अगले दिन यानि मंगलवार की रात उन्होंने तीन डोजर संख्या 12078, 12079 और एक अन्य से डीजल पार किया। तीन अलग-अलग मौके पर चोरों का समूह यहां पर पहुंचा। लगभग 20 की संख्या में ये लोग थे। हर बार की तरह चोर कैम्पर के साथ यहां पहुंचे। वे अपने साथ 15 से अधिक जेरीकेन रखे हुए थे और दूसरा सामान। उनका उपयोग इन घटनाओं को अंजाम देने के लिए किया जाता रहा है। सूत्रों ने बताया कि रात्रि 8.30 से लेकर 11.50 के बीच इन घटनाओं को यहां पर अंजाम दिया गया। चोरों ने दीपका माइंस के रडार क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराने के साथ यह सब कारनामा किया। सबसे खास बात ये है कि यह वह जगह है जहां से मॉनिटरिंग सिस्टम काम करता है। एक तरह से डीजल चोरों ने प्रबंधन को चुनौती देने का काम किया। बताया जा रहा है कि अगली शिफ्ट के लिए इन डोजर में डीजल भरा गया था लेकिन एसईसीएल के कर्मियों के बजाय उसे चोरों ने उपयोग में ले लिया। चोरों ने पूरी तसल्ली के साथ इस वारदात को अंजाम दिया और भाग निकले। अब तक सुरक्षा विभाग के पास लिखित रूप से जानकारी नहीं पहुंची है।

एसईसीएल द्वारा कोरबा जिले की विभिन्न खदानों में सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्धसैनिक बल सीआईएसएफ और त्रिपुरा राइफल्स को जरूर दी गई है लेकिन उनके हाथ बांध दिए गए हैं। वे अपने क्षेत्र के साथ-साथ आसपास में खास कार्रवाई नहीं कर सकते जिसके लिए उन्हें संसाधन मुहैया कराए गए हैं। खदान क्षेत्र से भागने वाले चोरों को दूसरे इलाके में न तो वे पकड़ सकते हैं और न ही रोक सकते हैं। खबर है कि ऐसा करने पर कई तरह के पचड़े फंस जाते हैं और उल्टे उन्हें ही दोषी ठहराए जाने की कोशिश की जाती है। शायद इसलिए भी खदानों में चोर. उच्चकों की बदमाशियों को खुली आंखों से देखने के लिए वे मजबूर हो रहे हैं।

देश के 118 आकांक्षी जिलों में कोरबा को भी शामिल किया गया है। केंद्रीय योजनाओं की प्रगति जानने के लिए एक दिन पहले यहां दौरे आये केंद्रीय राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे का ध्यान मीडिया ने खदानों से हो रही चोरी की तरफ आकृष्ट किया था। इस पर उन्होंने हैरानी जताने के साथ अधिकारियों को निर्देशित किया था कि खदानों की संपत्ति राष्ट्र की है और इसकी सुरक्षा करने की जवाबदेही आपकी है। इसलिए इस दिशा में सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इससे सम्बंधित कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनिकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU